Business Standard
16-07-2020

चीनी का एमएसपी 2 रुपये किलो बढ़ाने की सिफारिश

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाले मंत्रियों के एक समूह ने बुधवार को चीनी का न्यूनतम बिक्री मूल्य (एमएसपी) 2 रुपये प्रति किलो बढ़ाकर 33 रुपये प्रति किलोग्राम करने की सिफारिश की है। सूत्रों ने कहा कि इससे करीब 20,000 करोड़ रुपये का गन्ना बकाया का भुगतान शीघ्रता से करने में मदद मिलेगी। बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, खाद्य मंत्री रामविलास पासवान, कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भी शामिल थे।